हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

06 सेवा पखवाड़ा में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल बोले...



09 खड़े डंपर से टकराया एसिड भरा ट्रक ट्रक ड्राइवर की...





**अत्याधिक बारिश का असर : सोयाबीन की फसल में नहीं लगीं फलियां इसलिए किसान ने चला दिया कल्टीवेटर**

# किसान ने खड़ी फसल में चलाया कल्टीवेटर, सरकार और बीमा कंपनी पर गुमराह करने का लगाया आरोप

वहीं कहीं गांव में तो फसल क्षति का आकलन भी सही ढंग से नही हो रहा है। ऐसे किसानों को उनकी बर्बाद फसल का सही मूल्य भी नहीं मिल पाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

लाड़कुई प्राकृक्तिक प्रकोप ने क्षेत्र के किसानों की कमर एक बार फिर तोड़कर रख दी हैं। क्षेत्र में सोयाबीन की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है और किसानों ने खेतों में खड़ी सोयाबीन फसल पर ट्रैक्टर व कल्टीवेटर चलाना शुरू कर दिया है। सोयाबीन फसल की बोवनी सहित अन्य संसाधनों पर प्रत्येक किसान ने हजारों रुपए की राशि खर्च की थी। लेकिन मौसम ने किसानों की मेहनत पर पूरी तरह पानी फेर दिया। नतीजा यह है कि सोयाबीन फसल में फली नहीं बैठ पाने के कारण किसानों को अपने खेतों को खाली करना पड़ रहा है। किसानों की माने तो सरकार और बीमा कंपनी गुमराह करने कादनिक जागरण करने के लिए टीम नहीं पहुंची है।

वहीं कहीं गांव में तो फसल क्षति का आकलन भी सहीं ढंग से नहीं हो रहा है। ऐसे किसानों को उनकी बर्बाद फसल का सहीं मूल्य भी नहीं मिल पाएगा। हालांकि एसडीएम के द्वारा राजस्व, कृषि विभाग, पंचायत सचिव एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की एक सर्वे टीम तैयार करने के आदेश जारी किए हैं। तहसीलदार के मुताबिक सर्वे टीम हल्का बार पहुंचकर बर्बाद फसलों का जायजा ले रही है। अलेखनीय है कि क्षेत्र में मौसम की मार के कारण एक बार फिर सोयाबीन की फसल बर्बाद हो चुकी है। बीते 5 वर्षों से भी अधिक समय से क्षेत्र के किसानों को



सोयाबीन की फसल में लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी का कारण है कि सोयाबीन का रकबा क्षेत्र में तेजी के साथ घट रहा है। एक समय में 60 से 65 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन फसल की बोवनी की जा रही थी। लेकिन अब यह आंकड़ा घटकर 25 से 30 हजार हेक्टेयर पर आ गया है। मौसम का असर सोयाबीन की फसल पर सीधा पड़ रहा है। जिससे किसान अपने खेतों में खड़ी फसल पर ट्रैक्टर व कल्टीवेटर चलाने को मजबूर हैं।

### अत्यधिक बारिश का असर:पौधों में नहीं बैठ पाया फल, नतीजाः खड़ी फसल में चलाना पड़ रहा कल्टीवेटर



बुधवार को क्षेत्र के ग्राम झिरनिया के कई खेतों में किसान सोयाबीन की खड़ी फसल में ट्रैक्टर चलाते हुए दिखाई दिए। हल्का नंबर 35 के निवासी मोहनलाल ने बताया कि उन्हें मजबूरी में अपनी खड़ी हुई सोयाबीन की फसल पर ट्रैक्टर व कल्टीवेटर चलाने को मजबूर होना पड़ रहा है। किसान के मुताबिक क्षेत्र में अत्यधिक बरसात होने के कारण सोयाबीन की फसलों में फल नहीं बैठ पाया हैं। जिससे हमें भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। किसानों को अब रवि सीजन की तैयारी में जुटाना है। चर्बाद सोयाबीन फसल के कारण खेत तैयार नहीं हो पा रहे थे। किसान ने बताया कि पहले ही उनके द्वारा सोयाबीन फसल की तैयारी एवं उसकी बोवनी में हजारों रुपए की राशि खर्च की थी, लेकिन नतीजा शून्य रहा। अब नए सिरे से रवि फसल की तैयारी के लिए उन्हें फिर से राशि जुटाना होगी। दिखावटी सर्वे, सरकार और बीमा कंपनी की झूठी तसल्ली झिरनिया सहित आसपास के गांव के किसानों ने सरकार और बीमा कंपनी पर झूठी तसल्ली का आरोप भी लगाया है। किसानों ने कहा कि सरकार ने किसानों को दिलासा देने के लिए दिखावटी सर्वे शुरू किया है। जिसका फायदा किसानों को मिल पाएगा इसकी संभावना नहीं है। किसान रामलाल, श्यामलाल व हरिश्चंद्र के मुताबिक पहले ही बीमा कंपनी किसानों के साथ छल कर चुकी है। कुछ दिन पूर्व बीमा की राशि कई किसानों के खाते में पहुंची है जो 500 से 1000 रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से आई है। किसानों ने कहा कि बीमा कंपनी केवल फसल बीमा के नाम पर प्रीमियम जमा कराती है। और जब फसल क्षति की राशि देने का नंबर आता है तो उतनी राशि भी किसानों के खाते में नहीं पहुंचती जितना किसानों ने फसल का प्रीमियम जमा किया है।

### क्षति का आंकलन किया जा रहा है

कलेक्टर निर्देश पर फसलों की क्षति के आंकलन के लिए हल्का बार टीम गठित की गई है। जिसमें राजस्व विभाग के पटवारी, कृषि विभाग के ग्राम सेवक, पंचायत विभाग के सचिव व उधानिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। टीम के द्वारा खेतों में पहुंचकर फसल क्षति का आंकलन किया जा रहा है। जिसकी रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी जाएगी।

**संदीप गौर**, तहसीलदार भैरुंदा

## खबर संक्षेप

### फीस में अनियमित वृद्धि को रोकने के लिए प्रावधान लागू

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी विद्यलायों द्वारा फीस में अनियमित वृद्धि रोकने के लिये प्रावधान लागू किये गये है। इसके अलावा किताबें, यूनिफॉर्म, टाई एवं कॉपियों पर किसी विशेष दुकान से क्रय नहीं किये जाने संबंधित नियम भी लागू है। इन नियमों में वर्णित प्रावधानों के तहत निजी विद्यालयों में उपयोग की जाने वाली स्टेशनरी, पठन सामग्री, बैग, यूनिफॉर्म, स्पाट्र्स किट, ट्रासपोर्ट सुविधा और फीस से संग्रहित की जाने वाली राशि का विवरण विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर तथा अधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी है। इसी के साथ निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा कक्षा वार एवं मद वार आगामी सत्र की प्रस्तावित फीस संरचना को स्कूल शिक्षा विभाग के फीस विनियमन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। प्रदेश में जिन विद्यालयों की किसी भी कक्षा की वार्षिक फीस संरचना 25 हजार रूपये या उससे कम है, उन्हें फीस संरचना की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने से मुक्त रखा गया है। इन विद्यालयों को इस संबंध में पोर्टल पर शपथ पत्र अपलोड करने की निर्धारित तिथि भी दी गई थी। ऐसे विद्यालय जो समय-सीमा की जानकारी अपलोड नहीं करेंगे उनके विरूद्ध जिला समिति द्वारा कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश में निजी विद्यालयों के विरूद्ध प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला समिति भी कार्य कर रही है।

### फार्मेसी पंजीयन प्रक्रिया होगी पूरी तरह ऑनलाइन

**सीहोर।** अब ऑनलाइन प्रणाली से घर बैठे पंजीयन प्रमाणपत्र मेल और डिजिलॉकर के माध्यम से उपलब्ध होंगे। इससे पंजीयन प्रक्रिया सुव्यवस्थित हुई है और लंबित मामलों का निपटारा तेजी से किया जा रहा है। विद्यार्थियों के आवेदन लगभग 50 प्रतिशत अपूर्ण हैं, जिन्हें समय पर पूरा करवाना आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्राइवेट विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की जिम्मेदारी है कि वे सभी विद्यार्थियों की सही जानकारी उपलब्ध कराएँ। यदि गलती छात्रों की है तो उन्हें सुधार के लिये सूचित किया जाए और यदि संस्थान की लापरवाही है तो मान्यता एवं एफिलिएशन पर कार्रवाई करें। फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। विकसित और स्वस्थ भारत के लिए गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**सीहोर।** पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कार्यक्रम में पधारे उपमुख्यमंत्री डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल को प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बताया गया कि प्रदेश के 5 लाख पेंशन की ज्वंलत समस्याओ का निराकरण नहीं होने से पेंशनर्स एवं उनके परिवार में घोर असंतोष व्याप्त है। आशा की जा रही थी कि कर्मचारी के महंगाई भत्ते में वृद्धि के साथ-साथ पेंशनर्स के भी महंगाई राहत में भी वृद्धि की जायेगी। परन्तु ऐसा न करके सरकार ने पेंशनर्स का मनोबल गिराया है तथा उन्हें निराशा व हताशा हाथ लगी है। पेंशनर्स की न्यायोचित मांगे जस की तस है। उन पर कोई विचार नहीं किया गया। पेंशनर्स को वित्तीय लाभों से वंचित किया जा रहा है। आग्रह किया गया है कि पेंशनर्स की समस्याएं / लंबित मांगों को स्वीकृत कर वृद्ध पेंशनर्स के जीवन में उल्लास एवं प्रसन्नता का वातावरण निर्मित करें।

सरकार द्वारा कई वर्षों से पेंशनर्स को आठ-आठ, दस-दस महीने के विलम्ब से वित्तीय लाभ दिये जाते है तथा एरियर्स नहीं दिया जाता है, यह परम्परा पेंशनर्स को वित्तीय हानि पहुंचाती है। निवेदन है कि यदि विलम्ब से घोषणा की जाती है तो निर्धारित तिथि से एरियर्स अवश्य दिया जाये।

## मरीह माता मंदिर में-दुर्गाष्टमी पर दरबार में हवन में 100 से अधिक दुर्लभ औषधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व मनाया जा रहा है। गुरुवार को नवरात्रि के चौथे दिवस कूष्माण्डा मां की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, जितेन्द्र तिवारी, मोहन गोस्वामी और धर्मेन्द्र माहेश्वरी सहित अन्य बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। वहीं दुर्गाष्टमी पर सुबह 100 से अधिक दुर्लभ औषधियां, जड़ी-बूटियां से हवन और रात्रि बारह बजे महानिशा आरती का आयोजन किया जाएगा।

संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि हर साल चैत्र और शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गाष्टमी पर औषधियां, जड़ी-बूटियां से हवन किया जाता है, इसके अलावा रात्रि को महानिशा आरती की जाती है। सर्वमनोकामना सिद्धि के लिए औषधि हवन का आयोजन किया जाएगा। अनुष्ठान में उपयोग होने वाली दुर्लभ औषधियां और जड़ी-बूटियां न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होंगी, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेंगी। दरबार में हवन में 100 से अधिक दुर्लभ औषधियां, जड़ी-बूटियां और शुद्ध घी का उपयोग किया जाएगा। इस धूनी से वातावरण शुद्ध होगा और कई समस्याओं में लाभ मिलेगा।शास्त्रों में वर्णित है कि नवरात्र में किए गए हवन से शारीरिक और मानसिक शांति प्राप्त होती है। आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से हवन की धूनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। हवन से वातावरण में मौजूद हानिकारक तत्व नष्ट होते हैं और ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है, जिससे मानसिक तनाव कम होता है।

### चतुर्थ दिन शक्ति कुष्मांडा की पूजा अर्चना

उन्होंने बताया कि नवरात्रि के चतुर्थ दिन शक्ति कुष्मांडा की पूजा अर्चना की जाती है अपनी हल्की हंसी से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कूष्मांडा पड़ा। देवी कुष्मांडा कुंडली में नीच के बुध को नियंत्रित करती हैं तथा अनाहत चक्र को नियंत्रित करती है। मां कुष्मांडा को कुम्हड़ा विशेष रूप से प्रिय होने के कारण भी इनका नाम कूष्मांडा पड़ा, देवी कुष्मांडा की पूजा अर्चना करके नौकरी व्यापार तथा नाक कान गले से संबंधित बीमारियां दूर होती है। देवी कुष्मांडा की विशेष पूजा से वाणी प्रभावित होती है और आपकी वाणी द्वारा कार्य सिद्ध होता है।

## स्कूली छात्राओं ने हर्षोल्लास व भक्तिभाव से किया गरबा रास



**सीहोर।** इन दिनों हर ओर शक्ति की भक्ति का वातावरण व्याप्त है। माँ दुर्गा के पंडालों के बाद अब विद्यालयों में भी माँ भगवती की आराधना हेतु गरबा रास का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार की सुबह ब्लू बर्ड स्कूल में ऐसा ही एक मनमोहक दृश्य देखने को मिला, जहाँ गरबा नृत्य के माध्यम से 300 से अधिक छात्राओं ने माँ जगदंबा की स्तुति की।

यह दो दिवसीय गरबा महोत्सव गुरुवार को आरंभ हुआ। इससे पूर्व छात्राओं को उनकी शिक्षिका द्वारा 10 दिनों तक गरबा की विभिन्न स्टेप्स का प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षिका ज्योति विश्वकर्मा ने बताया कि छात्राओं को तीन प्रमुख स्टेप्स सिखाई गईं, जिनमें कुल 56 काउंट्स शामिल हैं। इस वर्ष आयोजन में स्कूल के म्यूजिक बैंड ने गरबे के गीत गए। आयोजन ब्लू बर्ड स्कूल के पचामा प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा एवं डाइट प्राचार्य अनिता बड़गुजर उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में डॉ. शर्मा ने कहा, "एक छात्र के जीवन में जितनी महत्वपूर्ण पढ़ाई होती है, उतनी ही आवश्यक सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ भी होती हैं। इन्हीं गतिविधियों से व्यक्तित्व का समग्र विकास संभव होता है। वहीं डाइट प्राचार्य अनिता बड़गुजर ने कहा, "एक बालिका दो घरों को संवारती है। आज जो कला आप यहाँ सीख रही हैं, वह न केवल अपने वर्तमान घर में उपयोगी होगी, बल्कि भविष्य में आपके नए घर में भी इसे सिखाने का अवसर मिलेगा।यह गरबा महोत्सव शुक्रवार को समापन के साथ पूर्ण होगा।



**कमलेश कुशवाहा ने जल्द निराकरण के लिए उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन**

# हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज के दोनों साइड समानांतर सर्विस रोड बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जिस ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है उसके कारण कॉलोनी में आने जाने का जो एक मात्र रास्ता था वह बंद कर दिया गया है। जिसके कारण कॉलोनीवासी एवं कॉलोनी से जुड़ी हुई 4-5 कालोनियों के निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कलेक्टर सीहोर को 22 जुलाई को जन सुनवाई में एक आवेदन पत्र भी कॉलोनी वासियों द्वारा दिया जा चुका है। पूर्व में भी एक पत्र जन सुनवाई में दिया गया है। परंतु कलेक्टर महोदय द्वारा अभी तक कोई कार्रवाही नहीं की गई है।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि ब्रिज के बाहरी साइड पर समानांतर (सर्विस रोड) का निर्माण होचुका है केवल एक अंदर की साइड पर सर्विस रोड का निर्माण शेष है जिसकी दूरी केवल 50 मीटर की है शासकीय अनुपयोगी भूमि भी सर्विस रोड के लिए भी उपलब्ध है।



कॉलोनी वासियों द्वारा यह भी पत्र में निवेदन किया है कि श्रीमान जी स्वयं निरीक्षण कर रोड निर्माण का कार्य जल्द से जल्द संपन्न कराये अतएव श्रीमान जी से निवेदन है कि निरीक्षण करवा कर समानांतर सर्विस रोड का निर्माण करने का निर्देश अधिकारियों को देने का कष्ट करे एवं ब्रिज के दोनों साइड पर रोड बनवाओ नहीं तो रोज आए दिन हादसे होयेंगे भोपाल में बने ओवरब्रिज की तरह इस का भी हल होजाएगा। वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाहा एवं समस्त कॉलोनिवासियों के द्वारा मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला जी को ज्ञापन सौंपते हुए माँग की है कि हाउसिंग बोर्ड वार्ड 21, ब्रिज कॉरपोरेशन की ज़िद एवं अनदेखी की वजह से क्षेत्र के कॉलोनी वासियों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है, ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा एक साइड रोड बनाया गया है जबकि पहले जो मुख्य मार्ग था , कॉलोनी जाने का उसको बंद कर दिया गया है और कोई भी वैकल्पिक रास्ता नहीं बनाए गया हैं, जो कॉलोनी में लोग आ जा नहीं सकते इससे क्षेत्र वासियों को आने-जाने से एक्सीडेंट होने की संभावना लगातार बनी रहेगी, पीडब्ल्युडी ब्रिज कॉरपोरेशन कोई वैकल्पिक रास्ता कॉलोनी में जाने का निकाले। इस विषय में कलेक्टर महोदय को अनेक बार ज्ञापन दिया जा चुका है एवं जनसुनवाई में भी आवेदन दिया है, परन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। जिसके कारण स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी होती है और ब्रिज पर एक तरफ़ रोड होने से खतरा मंडरा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द इस समस्या का निराकरण किया जाए, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को समस्या से निजात मिल सके एवं दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सुहानी सेन ने जीता गोल्ड मेडल



**सीहोर।** आवासीय खेलकूद संस्था की कुश्ती खिलाड़ी सुहानी सेन ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। महिला कुश्ती खिलाड़ी सुहानी सेन ने 62 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गोल्ड मेडल जीतने के बाद मध्य प्रदेश टीम के लिए सुहानी सेन का चयन हो गया है। हरियाणा पानीपत में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सुहानी सेन अब मध्य प्रदेश के लिए कुश्ती खिलाडिय़ों से मुकाबला करेंगी।

आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर में 69-वीं राज्य स्तरीय शालेय बालक बालिका फ्री स्टाइल अंडर-17 से19 आयू वर्ग के खिलाडिय़ों के लिए 22 से 26 सितंबर तक आयोजित हो रही है। ग्राम महोडिय़ा के रहने वाले बबलू लक्ष्मी सेन की पुत्री एवं स्टार पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा सुहानी सेन प्रशिक्षक कौच लोकेश परमार के मार्गदर्शन में कुश्ती के दांवपेज सीखने के बाद अब हरियाणा के सोनीपत में कुलदीप मलिक कुश्ती एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इस उपलब्धी पर कुश्ती खिलाड़ी महिला पहलवान सुहानी सेन को विधायक सुदेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष पिं्रस राठौर,ज़िला कुश्ती संघ अध्यक्ष विनय भटेले एवं आवासीय खेलकूद संस्था परिवार ने बधाइ शुभकानाऐं दी है।

### कलेक्टर ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने सेवा पखवाड़ा के तहत आईटीसी मिशन सुनहरा कल, सीपा संस्था, प्रथम संस्था और एनसीएचएससी संस्था द्वारा स्वच्छता का संदेश देने के लिए आयोजित स्वच्छता रैली को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना और लोगों को 'स्वच्छ भारत' के लक्ष्य से जोड़ना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस रैली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने रैली में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और स्वच्छता के लिए निरंतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। यह स्वच्छता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ हुई और हाथ में तख्तियां लिए हुए एवं स्वच्छता के नारे लगाते हुए पूरे उत्साह के साथ टाउन हॉल पहुंची। रैली के दौरान सभी नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सतत आदत है। टाउन हॉल पहुंचने के बाद सभी प्रतिभागियों ने मिलकर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया और साफ-सफाई की। इस अवसर पर रैली में शामिल सभी युवाओं और अन्य प्रतिभागियों ने प्रति वर्ष 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल, विकास बागडे, सुरेंद्र मेवाड़ा, मनीष बक्शी सहित पशुसखी दीदी, छात्र-छात्राएं, और स्वयं सहायता समूह की दीदियां उपस्थित थीं।

## खबर संक्षेप



### चार दिवसीय गरबा वर्कशॉप का शुभारंभ

**सीहोर।** नवरात्रि का पर्व माँ की अराधना का पर्व नगर में उत्साह व उमंग के साथ मनाया जा रहा है। आगामी 28 सितम्बर, दिन रविवार को नगर में स्थित कुईया गार्डन में सिद्धपुर गरबा उत्सव का भव्यता के साथ आगाज होने जा रहा है, इसके अन्तर्गत निःशुल्क चार दिवसीय गरबा वर्कशाप की शुरुआत आज बुधवार को माँ जगत जननी की पूजा अर्चना, आरती के पश्चात हुई। सर्वप्रथम आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश काशिव ने माँ जगत जननी के चित्र पर पूजा अर्चना कर माता रानी को पुष्पमाला एवं चुनरी उड़ाकर विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात उपस्थित महिला एवं युवतियों ने माँ दुर्गा की आरती व अराधना की। साथ ही कोरियोग्राफर्स मुस्कान अग्रवाल द्वारा चार दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। उनका भी श्रीमति सीमा सक्सेना, शालिनी आर्य एवं सरोज ठाकुर द्वारा अंग वस्त्र उड़ा कर व मंगल तिलक लगाकर सम्मान किया। इस वर्कशाप में बड़ी संख्या में महिलाऐं एवं युवतियाँ शामिल हुई।

### जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने सीहोर जिला जेल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जेल में बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि जेल की निरोध अवधि को दंड नही बल्कि चिंतन एवं मनन कर आत्मबोध का समय समझना चाहिए एवं इस अवधि में हमे अपनी गलतियों से सीखते हुए आगे उन्हे नही दोहराने का प्रण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जेल से बाहर जाने के बाद सकारात्मक जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जेल के बंदियो से जेल के अंदर संचालित विभिन्न दक्षता निर्माण कार्यक्रमो के अंतर्गत लाभ लेने, कौशल सीखने एवं स्वावलंबी बनने की बात कही। कार्यक्रम में न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने जेल के बंदियो के अधिकारो, निशुल्क विधिक सहायता व सलाह, प्लीबारगेनिंग, जेल लीगल एड क्लीनिक, अपील के प्रावधान आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने पाकशाला, जेल लीगल एड क्लीनिक, जेल डिस्पेंसरी, महिला सेल, बंदियों के बैरक, पानी एवं रोशनी की व्यवस्था, डॉक्टरों की उपलब्धता, बीमार बंदियों के उपचार सम्बंधी सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता आदि का निरीक्षण किया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर वृहद संगोष्ठी का आयोजन, जीवन के कई पहलुओं पर डाला गया प्रकाश

# सेवा पखवाड़ा में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल बोले-जीएसटी रिफार्म्स और स्वदेशी से हमारा देश बनेगा सशक्त

उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुझे याद है कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि मुझे 4 दीनदयाल मिल जाए तो मैं देश में राजनीतिक व सामाजिक बदलाव ला दूंगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






भारतीय जनता पार्टी, जिला सीहोर द्वारा सीहोर भाजपा जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर एक भव्य जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य वक्ता उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा पंडित दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई तत्पश्चात सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इसके पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, जिला महामंत्री द्वय धारासिंह पटेल व रवि नागले, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति द्वारा उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

विस्तृत जानकारी देते हुए भाजपा जिला मंत्री प्रितेश राठौर ने बताया कि मुख्य वक्ता राजेन्द्र शुक्ल द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन और उनके विचार भारतीय राजनीति और समाज के लिए अद्वितीय प्रेरणा हैं। उन्होंने एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का जो मार्ग दिखाया था, वही आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों में परिलक्षित हो रहा है।

उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आगे कहा - मुझे याद है कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि मुझे 4 दीनदयाल मिल जाए तो मैं देश में राजनीतिक व सामाजिक बदलाव ला दूंगा। आप सोचिए कितनी प्रतिभा, निष्ठा व समर्पण पंडित दीनदयाल उपाध्याय में रहा होगा कि जनसंघ की स्थापना करने वाले श्यामाप्रसाद ने यह शब्द उंनके लिए कहें थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वहीं व्यक्ति है जिन्होंने कहा था कि देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेगा। कश्मीर में वो बिना परमिशन घुस गए थे वहां पर उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। और गिरफ्तारी होने के बाद जेल में उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके आगे उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जीएसटी रिफार्म्स ने कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाकर व्यापार और उद्योग को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि "मेक इन इंडिया", "स्टार्टअप इंडिया" और "डिजिटल इंडिया" जैसी योजनाएँ युवाओं को न केवल रोजगार दे रही हैं बल्कि भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी बना रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब समय है कि हर नागरिक स्वदेशी अपनाने का संकल्प ले। जब हम अपने गाँव-गाँव और शहर-शहर में बने उत्पादों को अपनाएँगे तभी भारत की अर्थव्यवस्था सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह हमारे जिले के लिए गौरव का क्षण है कि मंच पर मध्यप्रदेश शासन में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें पंडित दीनदयाल उपाध्याय ी के विचारों को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना से करोड़ों माताओं को धुएँ से मुक्ति मिली, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को सीधा लाभ पहुँचा, आयुष्मान भारत से गरीब परिवारों को निःशुल्क उपचार मिला तथा जल जीवन मिशन से हर घर नल का जल पहुँचाने का लक्ष्य पूरा किया जा रहा है। इसी के साथ जीएसटी दरों में कटौती से लोगों में उत्साह का वातावरण है।सीहोर विधायक सुदेश राय ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान ने सीहोर जिले में भी युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए द्वार खोले हैं। यही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में सीहोर विधायक सुदेश राय एवं आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने संबोधन में पंडित जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन भाजपा जिला महामंत्री रवि नागले ने किया और सभी आगंतुकों, अतिथियों तथा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में समस्त भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि सहित मातृशक्ति के अलावा सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित रही।

## दो बाइक आपस में टकराई 7 घायल, अस्पताल में भर्ती




**रेहटी।** नवरात्रि के चलते इन दिनों सड़क भारी भीड़ देखने को मिल रही है लोग बिजासन धाम सलकनपुर मंदिर बड़ी संख्या में आ रहा है और निरंतर दुर्घटनाएं भी हो रही है। रेहटी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बोरी की नहर के पास दो बाइक आपस में टकरा गई जिसमें दोनों बाइक पर बैठे पांच लोग घायल हो गए। जिसकी सूचना डायल 112 को दी गई सूचना के उपरांत डायल 112 तत्काल मौके पर पहुंची और ड्यूटी पर तैनात आरक्षक शिवम एवं पायलट कपिल रघुवंशी ने घायलों को तत्काल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर उनका इलाज चल रहा है मिली जानकारी के अनुसार दोनों बाइक सवार बिजासन धाम सलकनपुर माताजी के दर्शन करने जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया। घायलों में कुछ लोग मंडीदीप और कुछ गौरगंज के रहने वाले हैं।

## स्वच्छता पखवाड़े के तहत एक दिन एक घंटा स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम सफाई अभियान चलाया




**भैरुंदा।** 17सितंबर से 2 अक्टूबर तक शासन के आदेश अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत गुरुवार को नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर, सीएमओ आर पी भावरे के, निर्देश में प्रातः सुबह 8:00 से 9:00 एक घंटा स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम, आयोजित किया गया कार्यक्रम नगर के सीहोर नाके से बीवीएम स्कूल तक सफाई अभियान चलाया गया एवं श्रमदान किया गया। वहीं स्वच्छता की शपथ दिलाई। सफाई मित्रों का सम्मान कर उन्हें प्रमाण पत्र सौंपे गए। वहीं दोपहर 12:00 बजे लोक कल्याण मेला के अंतर्गत स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित सामग्री का स्टाल लगाया गया। जिसमें उन्नति समूह द्वारा पापड़ ,सोयाबीन बड़ी ,आलू चिप्स इत्यादि एवं सागर समूह द्वारा पातल एवं दोने पानी के डिस्पोजल बनाकर स्टॉल लगाया गया। एवं कृष्णा समूह के द्वारा कपड़े के बैग बनाकर स्टॉल लगाए गए। इन सभी कार्यक्रम में नगर परिषद् सीएमओ आर पी भावरे ,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कैलाश धावरे , मनोज पासी राजस्व उप निरीक्षक, डे - एन यु एल एम प्रभारी गोविंद करपे (सामुदायिक संगठन) स्वच्छता प्रभारी अशरफ खान, राजकुमार राठौर.अशोक शर्मा , विनायक तिवारी, वीरेंद्र यादव. प्रवीण यादव. सचिन राठौर. राज पवार राहुल सोलंकी एवं नगर परिषद कार्यालय के कर्मचारी और सभी सफाई प्रभारी एवं सफाई कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## श्रमदान कर किया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को स्थानीय बुधनी घाट पर नगर परिषद द्वारा साफ सफाई की गई एवं अदालत कॉलोनी स्थित पार्क में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं तथा नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारियों सहित नगर परिषद उपाध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, पार्षद श्रीकांत शर्मा, प्रभात भदोरिया के अलावा पंडित धीरेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## राजेन्द्र शर्मा केंद्रीय सेवा से हुए सेवानिवृत्त




**सीहोर।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित माय भारत सीहोर के लेखा और कार्यक्रम सहायक राजेंद्र शर्मा केंद्रीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। जिला कार्यालय, माय भारत सीहोर में सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी माय भारत सीहोर निक्की राठौर, हरिओम शर्मा दाऊ, कुशल राय, मेघा महेश्वरी, पवन पंसारी, कृष्णकांत दोहरे ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। श्री शर्मा को उपहार भेंट कर, पुष्पमाला और पुष्पगुच्छ द्वारा सम्मानित किया गया और उन्हें स्वस्थ और आनंदमय जीवन हेतु अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नर्मदा सेन, धर्मेंद्र ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सफल नेत्र शिविर का आयोजन




**सीहोर।** गोविंद नेत्रालय एवं गोविंद फर्टिलिटी सेंटर, सीहोर की ओर से गणेश मंदिर प्रांगण, सीहोर में निःशुल्क नेत्र परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन ज्योति संस्कृति एवं कल्याण सोसायटी और सायरा फैमिली कनाडा के सहयोग से किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण व नगर के लोगों ने भाग लिया और अपनी आँखों की जांच करवाई। इस दौरान शहर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ एमएस, फेको सर्जन डॉ. जितेन्द्र मंघानी तथा उनकी टीम ने मरीजों की आँखों की जांच की और जरूरतमंदों को परामर्श, दवाइयाँ एवं चश्मे उपलब्ध कराए। शिविर में मोतियाबिंद, रेटिना, कालामोती, आँखों में जाले सहित विभिन्न नेत्र रोगों की जांच की गई। साथ ही ब्लड प्रेशर व डायबिटीज़ की भी निःशुल्क जांच की गई। लोगों ने इस शिविर में मिल रही सेवाओं की सराहना की और गोविंद नेत्रालय एवं गोविंद फर्टिलिटी सेंटर की इस जनसेवा पहल को सराहा। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

## आजीविका पार्क भाऊखेड़ी में आजीविका मिशन की हुई वार्षिक सभा




**सीहोर।** मातृभूमि संकुल स्तरीय संघ और आत्मनिर्भर महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन आजीविका पार्क भाऊखेड़ी में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गण जनप्रतिनिधि श्री शंकर जायसवाल मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक से उपस्थित क्षेत्रीय प्रबंधक रेखा तिवारी, कृषि विभाग से वीरेंद्र कुमार शर्मा आत्मा परियोजना से आशीष राठौर आजीविका मिशन से शशांक शर्मा और कृषि उपज मंडी से श्री लोधी आदि उपस्थित रहे। वार्षिक साधारण सभा का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया तत्पश्चात प्रार्थना गान हुआ ।कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न दीदीयो द्वारा ग्राम स्तर पर किए जा रहे कार्य की क्रमवार विस्तृत जानकारी मंच से दी गई इसके उपरांत मनीषा मालवीय द्वारा मातृभूमि संकुल स्तरीय संघ के वार्षिक आय व्यय का विवरण एवं अगले वर्ष की कार्य योजना आदि विभिन्न एजेंडे पर विस्तार से जानकारी दी साथ ही आजीविका पार्क में संचालित कृषि एवं गैर कृषि गतिविधियों के विषय में बताया। अगले क्रम में आत्मनिर्भर महिला फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की बोर्ड आफ डायरेक्टर संगीता मालवीय द्वारा गत वर्षों में कंपनी द्वारा किए गए कार्य एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना के साथ ही कंपनी के टर्नओवर की जानकारी दी। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जायसवाल द्वारा महिला समुदाय को संबोधित करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की एवं मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई । साधारण सभा का प्रबंधन रुचि अवस्थी सीएलएफ नोडल द्वारा किया गया। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आजीविका मिशन द्वारा गठित स्व सहायता समूह के उत्पादों का मेला भी लगाया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सीआरपी एवं आत्मनिर्भर कंपनी की दीदीयो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अन्त में ब्लॉक प्रबंधक धर्मेंद्र उपाध्याय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं नारी शक्ति का आभार व्यक्त किया गया।

### लोगों ने की शासन-प्रशासन को सद्बुद्धि दिए जाने की प्रार्थना

# शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते विरोध कर अनोखे अंदाज में मां जगदंबा को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




ज्ञातव्य है कि जबसे हाऊसिंग बोर्ड रेल्वे ब्रिज का निर्माण शुरु हुआ है, तभी से उक्त ब्रिज निर्माण में पाई जा रही अनीयमित्ताओं को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। जिसको लेकर क्षैत्रीय नागरिकों ने क्षेत्रीय विधायक व कलेक्टर को लिखित रूप से शिकायत भी की गई। परन्तु आज दिनांक कोई कार्यवाही नही हो सकी है, जिसके कारण क्षेत्रान्तर्गत आने वाली कॉलोनी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नगर सुधार न्यास कॉलोनी, संतोष नगर कॉलोनी, कृष्णा नागर कॉलोनी, दीनदयाल नगर कॉलोनी सहित अन्य कालोनी वासियों में काफी आक्रोष व्याप्त है, और उक्त निर्माणाधीन ब्रिज में पाई जा रही अनियमित्ताओं के निराकरण हेतु नागरिकों के द्वारा एक संघर्ष समिति का गठन कर प्रथम चरण में मातारानी के दरबार में ज्ञापन सौंपकर आन्दोलन की शुरुआत की है। नागरिकों की मांग है कि वर्तमान में निर्माणाधीन ब्रिज की उत्तर दिशा में उपरोक्त कॉलोनियां स्थित है, जिनका एक मात्र पहुंच मार्ग उक्त निर्माण कार्य के कारण हमेशा के लिए बंद कर दिया है।

कालोनी पहुंच मार्ग बंद करने के पूर्व निर्माणाधीन कार्य से संबंधित विभाग (लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग भोपाल) का दायित्व था कि उपरोक्त कॉलोनियों को वैकल्पिक एवं व्यवस्थित सुलभ पहुंच मार्ग प्रदाय किया जावे, किन्तु विभाग द्वारा हम समस्त कॉलोनीवासियों की समस्या को नजर अंदाज करते हुये एक ही दिशा से स्तरहीन एवं स्वीकृत भारतीय मानकों के अनुरूप नहीं बनाया है, जिसके परिणामस्वरूप रोज दुर्घटना होती है तथा कॉलोनीवासी मानसिक व शारीरिक पीड़ा उठाते हैं। यह उल्लेखनीय है कि उक्त रेल्वे क्रासिंग के दोनों तरफ शहर के बहुत बड़े-बड़े स्कूल स्थित है, जिसमें हजारों बच्चे रोजाना उक्त क्रासिंग का उपयोग करके जाते हैं, जिनकी जान की सुरक्षा का संबंधित विभाग द्वारा कोई समाधान कारक उपाय नहीं किया गया है।

## सीवन नदी पर होगा विशालकाय रावण का दहन: बल्ली रैकवार



**सीहोर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बुराई पर अच्छाई का विजय पर्व सीवन दशहरा उत्सव द्वारा भव्यता के साथ मनाया जावेगा और आकाशीय रंग बिरंगी आतिशबाजी एवं कार्यक्रम स्थल की लाईटिंग साज-सज्जा आकर्षण का केन्द्र रहेगी। जिसको लेकर कार्यक्रम स्थल का समिति के संरक्षक पंकज गुप्ता के द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक पंकज गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सर्व सम्मति से समिति द्वारा बल्ली रैकवार को अध्यक्ष बनाया गया। भूमिपूजन में मुख्य रूप से अंबर मालवीय, मोनू विश्वकर्मा, लाखन ठाकुर, राजेश मांझी, गोलू रेकवार, अश्वनी मालवीय, राहुल महेश्वरी, आशीष, अमित जैन, गोलू, उमेश, विनीत गोयल, राकेश मांझी, राहुल, रोहित मांझी सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्यगण व वरिष्ठजन उपस्थित रहे।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण जसमतसिंह, एवं भगवानसिंह पुत्रगण पन्नालाल गहलोत निवासी ब्रिजीसनगर से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे न.74/2,75/8,2/31 रकबा 1.612 हेक्टेयर मे से दो एकड़ भूमि स्थित ग्राम ब्रिजिशनगर तह इछावर को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है और जिसका अनुबंध पत्र संपादित किया जाना है उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति बैक वित्तिय संस्था का कोई बकाया देय शेष हो या उक्त भूमि के विक्रय संव्यवहार से किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय लेखा प्रमाण के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे अन्यथा मेरा पक्षकार उपरोक्त भूमि का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र एवं रजिस्ट्री निष्पादित करा लेवेगा समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति मान्य नही होगी सर्व साधारण सूचित हो ।

**भवदीय, के.एल. जाट
(एडवोकेट), मोनं.9229683195
सीट क्रमांक 1 टिनसेट तहसील
परिसर इछावर जिला सीहोर**

हाइवे किनारे ट्रक-डंपर की हुई भिड़ंत, एक्सीडेंट जोन है धनोरा जोड़, पहले भी हुए कई हादसे

# खड़े डंपर से टकराया एसिड भरा ट्रक ट्रक ड्राइवर की मौत, क्लीनर गंभीर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बुधवार को सारंगपुर समीप धनोरा जोड़ नेशनल हाईवे पर खड़े डंपर क्रमांक एमपी 08 एचए 0319 को पीछे से आ रहे एसिड से भरे ट्रक क्रमांक यूपी 78 सीएन 3749 की खतरनाक भिड़ंत हो गई। ट्रक ड्राइवर ट्रक में ही फंस गया हादसे में ट्रक ड्राइवर गुलजार कुरैशी पिता मोहम्मद सईद निवासी बारादेहात, कानपुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि क्लीनर



मुजाहिद रजा गंभीर रूप से घायल हो गया। हाईवे एंबुलेंस से घायल को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर नयन नागर ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल शाजापुर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह और थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा टोलकर्मी की टीम तथा पेट्रोलिंग टीम और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजनों का इंतजार किया जा रहा था, जिसके बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

### दूसरी घटना में अकोदिया रोड पर वेन ने मारी युवक को टक्कर

वही दूसरी घटना कृषि उपज मंडी के सामने अकोदिया रोड़ पर स्कूल वेन ने एक युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर घायल हो गया जिसको मंडी व्यापारी अभिनंद पाटीदार,राजू जैन निजी वाहन से सिविल अस्पताल लाए जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर शाजापुर रेफर कर दिया। जानकारी अनुसार युवक मनीष पिता गोवर्धन मालवीय उम्र 35 वर्ष निवासी मोदीपुर की पत्नी सिविल अस्पताल सारंगपुर में भर्ती है युवक रिश्तेदार के यह ग्राम किठौर से भोजन करके सारंगपुर आ रहा था जहां उसका एक्सीडेंट हो गया।

### धनोरा जोड़ बना हुआ है एक्सिडेंटल जोन

हाइवे बनने के पहले भी यहां पर कई बडी दुर्घटनाएं हुई है जिसमें हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके है। इस दुर्घटना में भी हाइवे पर डंपर खडा कर दिया गया और आने वाली गाडी उसमें घुस गई जिसके कारण एक की मौत और एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उल्लेखनीय है कि सारंगपुर में अवैध खनन करने वाले अपना डंफर साइड से लगाने की जगह इसी तरह हाइवे पर कहीं भी खडा कर देते है जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। पुलिस को इस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।

गरिमामयी कार्यक्रम में रहेंगे गणमान्य मौजूद

# आज होगा महाराणा प्रताप प्रतिमा का अनावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह बरखेड़ी द्वारा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 136 वीं प्रतिमा का भव्य अनावरण नगर ब्यावरा में वीरता, स्वाभिमान और इतिहास को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण कार्यक्रम 25 सितम्बर 2025, गुरुवार को दोपहर 12 बजे महाराणा प्रताप चैराहा, राजगढ़ बाईपास रोड, ब्यावरा (म.प्र.) में किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ब्यावरा एवं समस्त राजपूत समाज के पदाधिकारी, समाजजन एवं विभिन्न सामाजिक हिन्दू संगठन उपस्थिति दर्ज कराएँगे।

### कार्यक्रम की शोभा बढाएंगे गणमान्य अतिथि

इस भव्य कार्यक्रम में निम्न अतिथि उपस्थित रहेंगे जो इस अवसर पर समाज के इतिहास, संस्कृति एवं गौरव से जुड़े वक्तव्य होंगे और महाराणा प्रताप के शौर्य व बलिदान का स्मरण किया जाएगा। योगेंद्र सिंह कटार - राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, ठाकुर शिव प्रताप सिंह चैहान - प्रदेश अध्यक्ष, प्रियव्रत सिंह खींची पूर्व कैबिनेट मंत्री, जयवर्धन सिंह राघोगढ़ पूर्व मंत्री, राज्यवर्धन सिंह, नरसिंहगढ़ पूर्व विधायक, नारायण सिंह पवार राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन, राजपाल सिंह सिसोदिया प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, रामचंद्र दागी पूर्व विधायक ब्यावरा, चंदर सिंह सोंधिया जिला पंचायत अध्यक्ष, पवन कुशवाहा नगर पालिका अध्यक्ष आदि रहेंगे।

## मीना समाज युवा संघ प्रदेश अध्यक्ष योगेश पटेल का किया स्वागत



ब्यावरा। अपने प्रवास के दौरान बीती रात्रि को ब्यावरा आए मीना समाज सेवा संगठन के युवा संघ प्रदेश अध्यक्ष योगेश पटेल खातेगांव देवास का स्थानीय मीणा समाज धर्मशाला पर सामाजिक जनों द्वारा पुष्पहरो से स्वागत किया गया। श्री पटेल खातेगांव देवास से शिवपुरी जा रहे थे, इसी दौरान उनका युवा संघ जिला अध्यक्ष दिनेश मीणा, धर्मशाला अध्यक्ष रामगोपाल नेताजी, राकेश मीणा, आशीष मीणा, कपिल मीणा, रामकुमार मीणा सहित अन्य सामाजिक बंधु मौजूद थे।

खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग के द्वारा की जा रही कार्रवाई

# मिलावट पर नकेल कसने दूध निर्मित उत्पादों के लिए सैंपल, जांच करने भेजे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न स्थानों से मिलावटी सामानों की बिक्री के मामले कई बार सामने आ चुके हैं। अधिकतर मामलों में दूध जनित पदार्थों में मिलावट कर उन्हें मार्केट में खपाया जाता है। यह दूध भी विभिन्न तरह के कैमिकल सहित अन्य पदार्थों को मिलाकर बनाने की शिकायतें अक्सर सामने आ रही हैं।

इसी के चलते कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशों पर खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर लगातार कार्यवाहियां करते हुए खाद्य सामग्रियों की सैंपलिंग की जा रही है। इसी कड़ी में गत दिवस खाद्य एवं औषधी प्रशासन अधिकारी शिवराज पावक ने ब्यावरा क्षेत्र के मलावर में पुलिस टीम के साथ कुछ प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर दुग्ध सामग्रियों के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए लेबोरेट्री भिजवाया है। पावक ने बताया कि मलावर स्थित अजनार डेरी एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड से दूध, पनीर, दही एवं स्किम्ड मिल्क पाउडर का सैंपल जांच के लिए लिया गया है। इसी तरह श्रीराम मिल्क चिलिंग सेंटर खानपुरा से भी मिल्क का सैंपल जांच हेतु लिया गया।

### जांच रिपोर्ट होने पर करेंगे आगामी कार्यवाही

पावक ने बताया कि लैबोरेट्री से सैंपल रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। अभिहीत अधिकारी सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि जिले में पॉमोलिव ऑईल सहित अन्य तरह के कैमिकल मिलाकर नकली दूध बनाने और उसे मार्केट में खपाने के कई मामले पूर्व में सामने आ चुके हैं।

### नरसिंहगढ़ में भव्य भजन संध्या और कन्या भोज सम्पन्न

नरसिंहगढ़। श्री शिवाय सेवा मंडल के तत्वावधान में आयोजित धार्मिक आयोजनों ने नगर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल बना दिया। डॉ. शिव चौक पर मंगलवार रात आयोजित भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक सतीश अग्रवाल और भोपाल की 'जलपरी' के नाम से प्रसिद्ध नर्मता कुशवाह ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भजनों की धुन पर झूमते रहे। इसी क्रम में बुधवार को मंडल द्वारा आयोजित भव्य नगर कन्या भोज द्वितीय वर्ष का आयोजन भी बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ। दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर और आसपास से आई हजारों कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।



देर रात्रि तक चली टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिए तल्ख निर्देश

# लापरवाहों पर सख्ती, तीन अधिकारियों पर 5-5 हजार जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यमंत्री हेल्प लाईन के शिकायतों के निराकरण में कई तरह की लापरवाहियों के मामले सामने आ रहे हैं। कुछ विभागों में इन शिकायतों को बंद करने शिकायतकर्ताओं पर दबाव बनाया जा रहा है बल्कि कुछ शिकायतें बगैर निराकृत किए ही बंद की जा रही हैं। इसके साथ ही अनेकों शिकायतें महीनों से लंबित होने के बाद भी विभाग प्रमुखों द्वारा उनके निराकरण में दिलचस्पी नहीं ली जा रही है।

मुख्यमंत्री हेल्पलाईन के मामलों में लगातार मिल रही इन शिकायतों को गंभीरता से लेते कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने जिला कृषि अधिकारी सचिन जैन, जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की है। मंगलवार देर रात्रि तक चली टीएल बैठक में जिलाधीश ने यह निर्देश प्रदान किए। बैठक में कलेक्टर ने समाधान ऑनलाईन की शिकायतों को भी गंभीरता से लेने के निर्देश जिलाधिकारियों को प्रदान किए। इसके साथ ही कर्मकार मंडल में अपील के कई प्रकरण लंबित होने पर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर की। वहीं, सभी जनपदों के सीईओ को निर्देशित किया कि संबल योजना के प्रकरणों को भी गंभीरता से लेकर उनका निराकरण किया जाए।

### राशन दुकानों की हर माह की जाए चेकिंग

टाईम लिमिट बैठक में कलेक्टर ने सभी अनुभागों के एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र की राशन दुकानों की चेकिंग करते रहें। राशन दुकानों का स्टॉक चेक किया जाए, कितना राशन आबंटित हुआ और कितना राशन बंटकर शेष बचा इसकी सूक्ष्मता से जांच की जाए। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों पर भी अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि ई-ऑफिस प्रणाली के तहत ही सभी जिलाधिकारी ई-फाईलें भिजवाएं।

# प्रारंभिक शिक्षा एफएलएन सर्वेक्षण कार्य हुआ संपन्न




ब्यावरा। शाकप्रावि भीलवाडिया में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार भारत सरकार के प्रारंभिक शिक्षा के लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से संपूर्ण भारत वर्ष में प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 1से 4 तक के छात्र, छात्राओं का शैक्षणिक स्तर सुधारने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रारंभिक कक्षा के स्तर सुधारने के लिए एफ एल एन पद्धति से शासकीय विद्यालयों में अध्यापन कार्य करवाया जा रहा है जिसकी हर माह मेंटरिंग एप पर मानीटरिंग की जाती है।

गौरतलब है कि डीएलएड के छात्र छात्राओं को पि नियुक्त कर चयनित शालाओं में परीक्षण किया जा रहा है उसी के अनुरूप जनशिक्षा केन्द्र भीलवाडिया अंतर्गत आने वाली शाला कप्रावि भीलवाडिया में चार पि ने समय 11 बजे से 5 बजे तक प्रत्येक बच्चे का सूक्ष्म परीक्षण मेंटरिंग एप के माध्यम से किया। इस अवसर पर जनशिक्षक गोपाल दास वर्मा, जगदीशचंद्र यादव, प्रधानाध्यापक जसवंत लहरी एवं स्कूल स्टाफ सभी बच्चे उपस्थित रहे।

### लोकल फॉर वोकल को बढ़ाने बढ़ावा देने के लिए राजमहल में लगेगा मेला

राजगढ़। आजीविका मिशन के तत्वावधान में लोकल फॉर वोकल को बढ़ाने 25 एवं 26 सितंबर को स्थानीय राजमहल में उत्पाद मेले का आयोजन करवाया जा रहा है। इस मेले में ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह, उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित ईकाईयां, पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थी तथा जिले में स्थानीय उत्पाद बनाने वाले अन्य कारीगर एवं उद्यमी सहभागिता करेंगे। मेले में विभिन्न उत्पादों के कुल 35 स्टॉल लगाए जाएंगे। इस मेले का उद्धेश्य सिर्फ उत्पादों की बिक्री नहीं बल्कि स्थानीय उत्पादों, सामानों, स्वदेशी को पहचान और प्रोत्साहन दिलाना भी रहेगा। आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक संदीप सोनी ने बताया कि यह सेवा पखवाड़े के तहत होंगे।

# चुनरी यात्रा के लिए घर-घर पीले चावल भेंटकर दे रहे हैं न्यौता



राजगढ़। हिन्दू चेतना मंच, विश्व हिन्दू परिषद एवं सकल हिन्दू समाज के नेतृत्व में शारदेय नवरात्र में क्षेत्र के प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम तक 1111 मीटर की चुनरी यात्रा का आयोजन करवाया जाता है। इस वर्ष यह यात्रा आगामी 28 सितंबर को निकाली जा रही है। यात्रा में आधिकाधिक श्रृद्धालु सम्मिलित हों, इस हेतु आयोजकों एवं सेवाभावियों द्वारा क्षेत्र में घर-घर जाकर पीले चावल एवं आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। हिन्दू चेतना मंच जिलाध्यक्ष बृजमोहन सरावत, विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यात्रा आयोजन के लिए बीते कई दिनों से तैयारियां की जा रही हैं। नगर के विभिन्न समाजसेवी, स्वयंसेवी एवं गौसेवक तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर दिन-रात जुटे हुए हैं।

# रामलीला में राम केवट संवाद की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के शिव चोक में आयोजित श्री गणेश आदर्श रामलीला मण्डल द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श चरित्र का रामायण की चोपाई पर अर्थ सहित वर्णन करके एक एक संवाद का चित्रण बहुत ही सरल एवं अनुकरणीय तरीके से किया जा रहा जिसे श्रद्धालु भक्त बड़ी संख्या में भक्तीभाव से पा रहे हैं।

मंगलवार को भगवान राम एवं मल्लाह केवट प्रसंग पर स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी। तद् उपरांत केवट राम संवाद में राम ने केवट से गंगा पार कराने का आग्रह किया तो केवट ने कहा कि हे प्रभु मेने सुना है कि जिनके चरणों से पत्थर नारी बन जाती है तो में अपनी नाव में आपको केसे बिठाऊं मेरी नाव लकड़ी की है यदि नाव नारी बन गई तो मेरी रोटी रोजी का क्या होगा। तब राम ने केवट को समझाया और केवट ने राम के चरणों को धोकर राम लक्ष्मण सीता को नाव में सवार करवाया। जहां पर अतिसुंदर भजन कभी कभी भगवान को भक्तों से काम पड़े जाना था गंगा पार प्रभु केवट कि नाव चढें केवट ने भगवान राम को गंगा पार उतरा। राजा निषाद ने राम से गंगा किनारे रूकने का आग्रह किया लेकिन राम वन कि ओर आगे बढ़े।

### स्थानीय कलाकार अपनी कलाओं से राम चरित्र कर रहे मंचन

जहां राम का किरदार कृषि मण्डी कर्मचारी-दिलीप जमींदार , लक्ष्मण-प्रकाश गौड़ , सीता-ईश्वर दांगी , केवट-जनपद कर्मचारी प्यारेलाल चैहान ,मुनि वशिष्ठ-योगेश भावसार , दशरथ- देवीलाल चैहान ,सुमंत-शिक्षक अशोक सेन खरला, भरद्वाज ऋषि- तुलावटी महेश कुम्भकार , ऋषि बाल्मीकि-महेश राठौर, निषाद खज-भेरूलाल दांगी ,केवट कि पत्नी- विष्णु गौड़ ,कैकयी- कुशाल दांगी , सुमित्रा-गोविंदा तिवारी के किरदार में रामायण के प्रसंगों में अपनी विशेष प्रस्तुति दे रहे। तथा मंच संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल पुष्पद कर रहे, मण्डल के अध्यक्ष पुर्व नपाध्यक्ष दिनेश पुरोहित उपाध्यक्ष गिरीराज जुलानिया है।

# महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस, हुए आयोजन



ब्यावरा। स्थानीय शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। 56 वां स्थापना दिवस की वर्षगांठ एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के अंर्गत वृहद एवं भव्य गतिविधियों का आयोजन किया रहा है। इस वर्ष की थीम- मेरे भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा है। सरस्वती स्तुति के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय गीत (लक्ष्य गीत) का सस्वर समूह गायन किया। संस्था के उपलब्धि प्राप्त करने वाले पूर्व स्वयंसेवकों एवं गतिविधियों में अच्छा काम करने वाले स्वयं सेवकों का सम्मान किया गया।

इकाई में नवप्रवेशित स्वयंसेवकों को एनएसएस के मुख्य उद्देश्यों को बताते हुए उनकों उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिया। ऊर्जा संरक्षण, स्थानीय लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता आदि विषयों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। तत्पश्चात रचनात्मक पहल हेतु राष्ट्रीय महत्व के विषय को आधार बनाकर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शालिनी शर्मा ने प्रथम, सपना वर्मा ने द्वितीय एवं बेबी उपाध्याय व अनन्या नागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन कार्यक्रमों के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान कर प्लास्टिक मुक्त परिसर का ध्येय लेकर महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम संस्था प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के निर्देशन में आयोजित किये जा रहे हैं। इसमें कार्यक्रम समन्वयक एवं एनएसएस अधिकारी डॉ केएन मीना, प्रो सांकवा, डॉ दिलीप गुप्ता, प्रो. हेमंत कुमार शर्मा, डॉ एचएल प्रजापति, डॉ अरविन्द शर्मा आदि सहित महाविद्यालयीन परिवार के साथ ही एनएसएस के कुमकुम शाक्यवार, किरण वर्मा, सागर सेन, ईश्वर सोंधिया आदि उपस्थित रहे।

भाजपा की जिला कार्यशाला में बोले-जिला प्रभारी सहित अन्य वक्ता, कार्यकर्ताओं को बताए उद्देश्य

# हर घर स्वदेशी अपनाने आमजनों को करें प्रोत्साहितः सुरेंद्र शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भाजपा प्रदेश संघटन के निर्देशानुसार बुधवार को संस्कृति होटल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे वहीं अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने की।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी की जयंती से आरंभ होकर 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेईजी की जयंती तक चलेगा। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने जीएसटी की दरों में भारी कमी की है, जिससे देश में महंगाई दर कम होगी। उन्होंने 28 सितम्बर को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ स्तर पर सुनने एवं स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने की बात कही। हम स्वदेशी वस्तुओं को अपने जीवन में शामिल करेंगे तो अपने देश के व्यापारी भाईयों को लाभ होगा जिससे देश मजबूत होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में पिछले कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमो की जानकारी प्रदान की।

### प्रत्येक मंडल में तैयार करें गणेशधारी 50 स्वयंसेवक

पार्टी जिलाध्यक्ष गुर्जर ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आव्हान पर प्रत्येक मंडल में कम से कम 50 गणवेश धारी स्वयंसेवक तैयार करने को कहा। कार्यशाला में मंत्रीद्धय नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी, अमर सिंह यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठजन उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी एवं जगदीश दास ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा।

## खबर संक्षेप

### 27 को निकलेगी 151 मीटर लंबी चुनरी यात्रा

**सीहोर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वाधान में हर साल निकलने वाली ऐतिहासिक चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर मातृशक्तियों से भव्य चुनरी यात्रा में शामिल होने की अपील की है। इस मौके पर समिति के संरक्षक और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि इन दिनों शारदीय नवरात्रि का पर्व चल रहा है और सभी स्थानों पर देवी मां की आस्था और उत्साह के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भव्य चुनरी यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। चुनरी यात्रा 27 सितंबर को करोली वाली माता मंदिर गंज से शुरु होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई इलाही माता हनुमान फाटक कस्बा पर महाआरती एवं प्रसादी वितरण के बाद समाप्त होगी। पिछले 13 सालों से हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वाधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा सीहोर शहर की पहचान बन गई है। यह ऐतिहासिक यात्रा है जिसमें माता की चुनरी का स्पर्श करने के लिए हर श्रद्धालुओं की कामना रहती है और जिस मार्ग से यह यात्रा निकाली जाती है वहां पर क्षेत्रवासी, सामाजिक संगठन श्रद्धालुओं का आस्था और उत्साह के साथ स्वागत करते है। यह किसी व्यक्ति और संस्था विशेष से जुड़ी यात्रा नहीं यह तो भक्ति का सैलाब है। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि देश में कई शक्तिपीठ है और यह गर्व का विषय है कि ऐसे ही शक्तिपीठों में माता करोली का आशीर्वाद हम सभी क्षेत्रवासियों को मिल रहा है। शहर सहित आस-पास के क्षेत्र की मातृ शक्ति, युवाओं और समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई थी, नगर पालिका के अध्यक्ष और समिति के संरक्षक प्रिंस राठौर सहित माता के भक्तों द्वारा निकाली जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर जो बैठक की गई है, वह निश्चित तौर पर इस वर्ष भव्य स्वरूप लेगी, उन्होंने बताया कि यात्रा शहर की पहचान है, आयोजन को लेकर समिति और क्षेत्रवासियों में उत्साह है।

### जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों की विधायक ने सुनी समस्याएं

# सरपंचों की समस्याः गांव में यात्री प्रतिक्षालय नहीं तो कहीं श्मशान घाट हो रहा बदहाल

विधायक की जनसुनवाई में आम लोगों के साथ सरपंचों ने भी गांव की समस्याएं हल करने दिया आवेदन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जनसुनवाई मेंविधायक गोपालसिंह इंजीनियर के कार्यालय में कई ग्रामो से ग्रामीण विधायक कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुंचे। जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम पंचायत बोरखेड़ा के सरपंच ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से मांग की की ग्राम के अंदर एक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाये ग्राम के जो बच्चे स्कूल जाते है वे बस के आने तक बस का सड़क पर खड़े हो कर इंतजार करते है,बैठने की कोई जगह नही है,इसलिये ग्राम में प्रतिक्षालय स्वीकृत करे।

बोरखेड़ा के सरपंच ने यह भी मांग जन सुनवाई में रखी कि ग्राम का जो मोक्षधाम है उसके सौंदर्यीकरण कार्य भी स्वीकृत किये जायें । स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है। बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है। आज भी बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे।विधायक कार्यालय से जानकारी देते हुए बताया की आज जनसुनवाई में आये ग्रामीणों नेजन सुनवाई में उपचार हेतु सहायता राशि प्रदाय कराने,चबुतरा निर्माण हेतु राशि,श्यामपुरा टप्पा में मानस भवन निर्माण कराने,प्रतिक्षालय एवं मुक्तिधाम सौंदर्याकरण बोरखेड़ा में कराने,विद्युत विभाग द्वारा अत्यधिक देयक जारी देने, प्रधानमंत्री आवास की प्रथम किस्त प्रदाय कराने,पेंशन प्रदाय कराने, बीपीएल कार्ड बनवाने, विद्युत प्रकरण निरस्त कराने, सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है। विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे गये।

# किन्नर समूह ने नगर में निकाली चुनरी यात्रा

### रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल ने किया स्वागत



**आष्टा।** चल समारोह का राय सिंह मेवाड़ा ने किया स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देश, प्रदेश एवं नगर में मातारानी की आराधना के विभिन्न आयोजन किए जा रहे है, इसी के चलते नगर के किन्नर समूह द्वारा भाऊबाबा मंदिर स्थित मातारानी के पांडाल से चुनरी यात्रा निकाली जो मानस भवन, सुभाष चौक, गंज, सिकंदर बाजार, बुधवारा होते हुए पुनः पांडाल पहुंची जहां चुनरी यात्रा का समापन हुआ।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा चुनरी यात्रा में शामिल किन्नर समूह के प्रमुख सलीम सहित अन्य सदस्यों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि हमारे नगर में निवासरत किन्नर सदस्यगण सर्वधर्म सम्भाव की भावना के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी गतिविधियों में लिप्त रहते है। कोई भी तीज-त्यौहार हो हर तरह से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है जो निश्चित ही अनुकरणीय कार्य है।

इस अवसर पर नगर पालिका प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट, हुकम प्रजापति, शिव प्रजापति, रामप्रसाद भगतजी, कुशलपाल लाला, पूरणसिंह मेवाड़ा, मोहित प्रजापति, मनीष प्रजापति, नकूल प्रजापति, सुमित प्रजापति, रचित पाठक, अंकित राठौर, अभिषेक यादव, प्रतिक प्रजापति, करण प्रजापति, भविष्य प्रजापति, निखिल मालवीय सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, नगर के नागरिक और कन्याएं उपस्थित थे।

# राजश्री महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राजश्री कॉलेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज व राजश्री प्राइवेट आईटीआई का औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आईटीआई लैब व कंप्यूटर लैब का निरीक्षण कर कामकाज के बारे में जानकारी प्राप्त की। यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक सीखने का अनूठा अवसर था। विद्यार्थियों के लिए यह भ्रमण बहुत उपयोगी रहा बहुत कुछ नया सीखा है। महाविद्यालय संचालक ने कहा कि इस तरह के भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मॉडल शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल से प्राचार्य भगवान सिंह, कविता रघुवंशी, बाबूलाल दुगारिया, रेखा बामनिया, उमा मेम, मनीष सर, प्रदीप राठौर द्वारा विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण राजश्री कॉलेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज व राजश्री प्राइवेट आईटीआई में करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय संचालक बीएस परमार, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, सविता बैरागी, रामवती मेवाड़ा, राहुल सेन, प्रहलाद मेवाड़ा, पुष्पा मेवाड़ा, द्वारकाप्रसाद करमोदिया, पूजा परमार, अखिलेश सक्सेना, पूजा मेवाड़ा, माया मेवाड़ा, ममता तिवारी, कविता भूतिया, रंजना परमार, मनोहर लाल, विनोद मीणा, रवि मेवाड़ा, बहादुर सिंह, अरविंद यादव, रीना यादव व शिवराम परमार उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता में छात्रा अनुश्री को मिला दूसरा स्थान



**आष्टा।** म्यूजियम ऑफ भोपाल में कोकिला लता मंगेशकर प्रतियोगिता का हिस्सा बनकर एंजल्स पब्लिक स्कूल की छात्रा अनुश्री ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एंजल्स स्कूल की छात्रा स्वर कोकिला लता मंगेशकर प्रतियोगिता ट्राइबल म्यूजियम ऑफ भोपाल मैं अनुश्री ठाकुर ने गज़ल (वो जो हममें तुममें में करार था) गाई और अनुश्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 5000 की राशि भी प्राप्त कि। अब वह अपनी प्रस्तुति 27 सितंबर को राज्य स्तर पर इंदौर में देंगी। यह हमारे विद्यालय के लिए बहुत खुशी की बात है कि हमारी एंजल्स पब्लिक स्कूल की छात्रा अपनी प्रस्तुति इतने बड़े मंच पर दे रही हैं यह उनके माता-पिता तथा शिक्षक - शिक्षिकाओं के सहयोग का फल है अनुश्री ठाकुर को उनके उज्जवल भविष्य के लिए एंजल्स स्कूल की तरफ से ढेरों शुभकामनाएं, वह इसी तरह अपने माता -पिता व अपने स्कूल, नगर का नाम रोशन करे।

# झूले पर बैठी माता जगदंबा की झांकी मोह रही मन

### वर्ष 1990 से अब तक तीन पीढ़ी करती आ रही प्रतिमा की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर जनता कॉलोनी में वर्ष 1990 से माता की भक्ति का सिलसिला वर्ष 2025 में भी सतत जारी है। यु कहें की यह धार्मिक परंपरा की बागडोर अब तीसरी पीढ़ी संभाले हुए है। 35 साल से माता की भक्ति और श्रद्धा में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। समिति के सदस्य अनिल वर्मा ने बताया कि वर्ष 1990 में जनता कालोनी में रहने वाले मोहन सिंह ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, संतोष राठौर, तुलसीराम यादव, घनश्याम ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, लीलाधर राठौर, प्रहलाद कटारे, राजेश मालवीय, महेश रिचार्या, आत्माराम राठौर, रघुनाथ यादव, देवेंद्र शर्मा सहित अन्य लोगों ने माता की नौ दिवसीय भक्ति का उत्सव शुरू किया था। इसके बाद यह सिलसिला लगातार चलता रहा। वर्तमान समिति के अध्यक्ष मनीष सोनी और उपाध्यक्ष पंडित बनवारी लाल ने बताया कि 35 साल में बहुत कुछ मंडी क्षेत्र में बदला, लेकिन माता की भक्ति में कोई कमी नहीं हुई। अब तीसरी पीढ़ी में यह नौ दिवसीय उत्सव बड़ा रूप ले चुका है। इस बार माता दुर्गा भवानी झूले पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रही हैं। भव्य झूले पर सजी-धजी प्रतिमा के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। भक्तिमय गीत, ढोल-ढमाकों और आरती की गूंज से पूरा वातावरण देवीमय बना हुआ है। माता की भक्ति में महिलाओं का योगदान न हो यह तो हो ही नहीं सकता। 35 से निरंतर माता की स्थापना का सिलसिला कभी टूटा नहीं। एक बार तो पूरी समिति की जिम्मेदारी महिलाओं ने ही संभाली थी। जहां अध्यक्ष, उपाध्यक्ष से लेकर सभी पदों पर महिलाओं की ही नियुक्ति की गई थी, इतना ही नहीं पूरे नो दिनों तक होने वाली दोनों समय की आरती से लेकर अन्य धार्मिक आयोजन की जिम्मेदारी भी महिला मंडल ने ही संभाली थी। धार्मिक मान्यता के अनुसार जब-जब माता दुर्गा झूले पर विराजमान होती हैं तो यह आस्था और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। शास्त्रों में वर्णन है कि माता का झूले पर बैठना भक्त और देवी के बीच की आत्मीय निकटता को दर्शाता है। जैसे मां अपने बच्चे को झूला झुलाकर स्नेह लुटाती है, वैसे ही देवी दुर्गा झूले पर विराजकर अपने भक्तों को संरक्षण और आशीर्वाद प्रदान करती हैं। मान्यता है कि झूले पर बैठी माता की झलक देखने मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं और घर-परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है।

#### समिति का आयोजन

इस आयोजन की व्यवस्था नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा की गई है। समिति के अध्यक्ष मनीष सोनी और उपाध्यक्ष पंडित बनवारी लाल ने बताया कि नवरात्र के दौरान प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा चालीसा, भजन-कीर्तन और प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। शाम होते ही रंग-बिरंगी रोशनियों और भव्य साज-सज्जा से पूरा पंडाल जगमगाता है।

# कार्डियोलॉजी फेलोशिप के 20वें राष्ट्रीय अधिवेशन में डॉ. हीरा दलोद्रिया का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ना केवल आष्टा और जिले के अलावा प्रदेश एवं देश के अनेक क्षेत्रों के लोगों के ह्रदय में अपना विशेष स्थान बनाने के साथ ही हजारों लोगों की जिंदगी समय पर सही उपचार के माध्यम से बचाने वाले ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ हीरा दलोद्रिया को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। डॉ दलोद्रिया को जिले एवं आष्टा के दिलों की धड़कन भी कहा जाता है। इंडियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी ने मोहाली चंडीगढ़ में कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में बीस साल से अधिक सराहनीय व उत्कृष्ट सेवाएं देने पर 20 वें राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस अधिवेशन 2025 में फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया है। प्रसिद्ध ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ हीरा दलोद्रिया को चंडीगढ़ के मोहाली में आयोजित कार्डियोलॉजी फेलोशिप के 20 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में पीजीआई चंडीगढ़ के सेवानिवृत्त कार्डियोलॉजी डॉ सप्रू ने यह अवार्ड डॉ आर के गोखरु अजमेर, डॉ एस के कोशिक उदयपुर आदि की महती उपस्थिति में प्रदान किया।यह सम्मान डॉ दलोद्रिया सहित देश के करीब एक दर्जन वरिष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञों को उक्त राष्ट्रीय स्तर के अधिवेशन कांफ्रेंस में दिया गया है।इस अधिवेशन में प्रदेश से डॉ दलोद्रिया को सम्मानित किया है। वहीं मणीपुर, दार्जिलिंग आदि के अनेक ह्रदय रोग विशेषज्ञ अधिवेशन में शामिल हुए। विदित रहे कि डॉ हीरा दलोद्रिया को इसके पहले एलएन विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा कम्युनिटी सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया था। डॉ हीरा दलोद्रिया को कार्डियोलॉजी फेलोशिप के 20 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मानित होने पर सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, सुदेश राय, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, उपाध्यक्ष गजराजसिंह मेवाड़ा,नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष सिद्धिका भुरू भाई, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, डॉ मीना विनीत सिंगी, धनरुपमल जैन,प्रायवेट मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ कैलाश शर्मा, डॉ डीएस सोलंकी, डॉ जीडी सोनी, डॉ अर्चना सोनी,डॉ प्रवीर गुप्ता,डॉ आरसी गुप्ता,बीएमओ डॉ अमित माथुर डॉ एके जैन,डॉ अतुल उपाध्याय, डॉ माधवी राय, डॉ भूपेंद्र परमार, डॉ अभिषेक नरेगा, डॉ राहत अली, विजया प्रसन्न बनवट, समाजसेवी प्रेम कुमार राय मामा, अवधनारायण सोनी,वरिष्ठ अधिवक्ता एवं इतिहासकार सुधीर पाठक, विहिप के प्रांत सेवा प्रमुख गोपालदास राठी, देवीसिंह परमार,धारासिंह पटेल, नरेन्द्र गंगवाल,ललित नागौरी, सुशील संचेती,बाबू पांचाल,अबरार अली,कमल पांचाल,सकल समाज अध्यक्ष अनील श्रीवास्तव, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट, शेषनारायण मुकाती आदि ने बधाई दी।

### आदिवासी विकास परिषद ने प्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री की पुण्यतिथि मनाई

# छात्राओं को पुस्तक वितरण कर छात्रावास परिसर में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आदिवासी विकास परिषद द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय जमुना देवी की पुण्यतिथि अनुचित जाति एवं जनजाति छात्रावास में मनाई गई। सर्वप्रथम पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमति जमुना देवी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया उसके पश्चात पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री जमुना देवी को याद करते हुए कहा कि जमुना देवी ने मध्य प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह मध्य प्रदेश की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनीं और नौ बार विधानसभा चुनाव जीतीं।

जमुना देवी का जन्म 1929 में अलीराजपुर जिले के पेटलावद में हुआ था और उन्होंने 1952 से कांग्रेस पार्टी के माध्यम से राजनीति में प्रवेश किया जमुना देवी ने इस पद पर रहते हुए महिला सशक्तिकरण और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए काम किया। वहीं एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की राजनीति में मजबूत पहचान बनाई। जमुना देवी ने आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए काम किया और शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयास किया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए काम किया जमुना देवी का निधन 24 सितंबर 2010 को हुआ था। वहीं जमुना देवी की पुण्य तिथि पर छात्राओं को पुस्तक वितरण किया एवं छात्रावास परिसर में पौधा रोपण किया आभार गुलाब बाई ठाकुर ने एवं संचालन आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष सुनिल कटारा ने किया उपरोक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश, परमार एआईसीसी सदस्य हरपाल, ठाकुर आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष सुनील कटारा, जिला अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभखेड़ी, ग्रामीण अध्यक्ष महेश मुंडीखेड़ी, नरेंद्र कुशवाह, हेमलता चौहान, फेज उद्दीन, तोसिफ उद्दीन, प्रेम पटरिया,टोनी कोठारी, राहुल पटरिया, मुकेश काजीखेड़ी आदि मौजूद रहे।

# अवैध रूप से संचालित हो रहे पंप पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम निपनिया में अवैध रूप संचालित हो रहे पेट्रोल पंप की सूचना कीतस्दीक हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा मौके पर लखन सिंह भाटी द्वारा बिना लाइसेंस के पेट्रोल पंप चलाया जा रहा था। जिस पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, पार्वती थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है।